**Title** : Need to open Regional Institute of Technology in Bihar.

**श्री राजो सिंह (बेगूसराय) :** सभापति जी, बिहार के विभाजन के परिणामस्वरूप बिहार का एकमात्र क्षेत्रीय प्रावैधिकी संस्थान (रिजनल इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी), जमशेदपुर झारखंड में चला गया है। इसके अतिरिक्त बिहार के दो अन्य महत्वपूर्ण प्रावैधिकी संस्थान बी.आई.टी. सिन्दरी तथा बी.आई.टी. मेसरा भी झारखंड राज्य में चले गये हैं। इस प्रकार इस राज्य में छात्रों के लिए प्रावैधिक शिक्षा के क्षेत्र में अवसर में काफी कमी आ गई है। बड़ी संख्या में बिहार के छात्र प्रा वैधिक शिक्षा हेतु अन्य राज्यों में चले जाते हैं। इस राज्य में प्रावैधिक शिक्षा की बड़ी मांग है। भारत के लगभग प्रत्येक राज्य में एक क्षेत्रीय प्रावैधिक संस्थान की स्थापना की गयी है। विभाजन के बाद हुई इस रिक्ति को पूरा करने की आवश्यकता है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृट कर निवेदन करना चाहता हूं कि बिहार के लिए एक क्षेत्रीय प्रावैधिकी संस्थान अतिशीघ्र खुलवाने की कृपा करें।